<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

राज्यपाल से मिला बाल संगठन का एक दल

लखनऊः 24 फरवरी, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज राजभवन में डाॅ0 रोली सिंह, कार्यक्रम निदेशिका, डाॅ0 शम्भूनाथ शोध संस्थान, वाराणसी एवं बाल संगठनों के राज्य स्तरीय नेटवर्क के 25 बच्चों ने भेंट की।

राज्यपाल ने भेंट के दौरान बच्चों से कहा कि सब काम करते हुये शिक्षा को प्राथमिकता दें। दूसरों को दोष न देकर सुधार की कोशिश करें। अपने परिवार से अच्छा व्यवहार करें। जागरूक रहते हुए अपने परिवार से सलाह लें। उन्होंने कहा सामाजिक कार्य में रूचि लें परन्तु अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें।

श्री नाईक से भेंट के दौरान बच्चों ने बताया कि बच्चों के हित के लिये बने कानून की जानकारी गाँव में उपलब्ध नहीं है। सरकारी कार्यक्रम के क्रियान्वयन में गतिशीलता लाने के लिये व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। क्योंकि सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी का ग्राम स्तर पर अभाव है। उल्लेखनीय है कि यह बच्चे बालश्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह व स्कूल ड्राप आउट्स के लिये जागरूकता लाने का काम करते हैं।

इस अवसर पर बच्चों ने एक स्मृति चिहन व पेंसिल से बना हुआ राज्यपाल का चित्र भी उन्हें भंेट किया।